प्रादेशिक समाचार
06.09.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास और चम्पाई सोरेन ने जीएसटी सुधार को आत्मनिर्भर भारत बनने की दिशा में बड़ा कदम बताया, कहा– लोगों की बढ़ेगी बचत और खपत क्षमता।

2. केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने देश में सबसे बडे स्टार्टअप अभियान– कैंपस टैंक का किया उद्‌घाटन, कहा– यह लॉन्चपैड युवाओं को उद्यमशील भूमिकाओं के लिए प्रेरित करेगा।

3. झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान ने बोकारो में श्रम न्यायालय के नवनिर्मित भवन का किया उद्‌घाटन, कहा– राज्य में न्यायिक संरचना हो रही मजबूत।

4. धनबाद जिला के कतरास स्थित अंगापथरा कोलियरी में भू–धंसान के बाद एनडीआरएफ का राहत और बचाव कार्य जारी, एक और शव मिला, तीन शवों की हो चुकी है शिनाख्त।

5. रांची लोककसभा क्षेत्र सांसद खेल महोत्सव को लेकर तैयारियां तेज, विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभागी 20 सितंबर तक करा सकते हैं रजिस्ट्रेशन।

*******************

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि जीएसटी दरों में बदलाव ने अर्थव्यवस्था को जहां रफ्तार मिलेगी, वहीं उद्योंगों के साथ आम लोगों को भी काफी राहत मिलेगी। उन्होंने जीएसटी दरों में कमी करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इससे लोगों की बचत और खपत क्षमता में इजाफा होगा।

*******************

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि जीएसटी दरों में बदलाव आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के इस पहल से आम लोगों को काफी राहत मिलेगा। इसके लिए प्रधानमंत्री और केंद्रीय वित्त मंत्री को राज्य की चार करोड़ जनता बधाई देती है। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कमी से ईज ऑफ लिविंग बढ़ेगी।

*******************

पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि जीएसटी दरों में बदलाव कर मोदी सरकार ने देशवासियों को बड़ा तोहफा दिया है. धनबाद में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आम लोगों के कल्याण के प्रतिबद्ध है। जीएसटी में सुधार से कृषि को काफी बढ़ावा मिलेगा।

*******************

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने देश के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए नई दिल्ली में आज कैंपस टैंक का उद्‌घाटन किया। महत्वपूर्ण स्टार्टअप लॉन्चपैड देश की अगली पीढ़ी के संस्थापकों को अपने स्वयं का स्टार्टअप स्थापित करके आने वाले दिनों में कुछ बडा करने के लिए प्रारंभिक कैरियर का पेशेवर अवसर प्रदान करेगा। डॉ० सिंह ने कहा कि देश में सबसे बडे स्टार्टअप अभियान का लॉन्चपैड युवा संस्थापकों को उद्यमशील भूमिकाओं के लिए प्रेरित करेगा।

*******************

झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान ने आज बोकारो में नवनिर्मित श्रम न्यायालय के नए भवन का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य में न्यायिक संरचना को मजबूत करने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। वहीं डालसा और रेडक्रॉस की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते हुए उन्होंने सभी सेहतमंद लोगों से रक्तदान करने का आह्वान किया।

*******************

कांग्रेस के राष्ट्रीय पर्यवेक्षक रघु शर्मा के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम ने आज गुमला जिला में पार्टी के जिलाध्यक्ष चयन को लेकर प्रखंड तथा मंडल अध्यक्ष अध्यक्षों के साथ रायशुमारी की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि संगठन को गांव–गांव तक मजबूती देने के लिए संगठन सृजन कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

*******************

धनबाद जिला के कतरास स्थित बीसीसीएलके अंगापथरा केशलपुर वेस्ट मोदीडीह कोलियरी में कल हुए भू–धंसान के बाद एनडीआरएफ का राहत और बचाव कार्य लगातार जारी है। इस सिलसिले में आज एक और शव बरामद किया गया, जो कि खदान में गिरे वैन ड्राइवर का है। वहीं, अन्य कर्मियों की तलाश हो रही है। इससे पहले बरामद पांच शवों में तीन की शिनाख्त की जा चुकी है।

*******************

साहिबगंज जिला मुख्यालय और सभी प्रखंडों मे स्थित स्थायी आधार केंद्रों में आज विशेष आधार कैंप लगाया गया। सभी का हो आधार थीम पर आयोजित इस विशेष शिविर का मकसद पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों, स्कूली बच्चों औक दिव्यांग बच्चों का नया आधार पंजीकरण तथा जरुरी अपडेट किया जाएगा।

*******************

लतेहार जिला प्रशासन विद्यार्थियों को जेईई और नीट की निःशुल्क तैयारी कराएगा।

*******************

चंद्रग्रहण को देखते हुए देवघर स्थित बाबा मंदिर का पट शाम छह बजे से बंद कर दिया जाएगा। वहीं, जो श्रद्धालु दोपहर एक बजे तक मंदिर परिसर में होंगे, उन्हें ही जलार्पण करने का अवसर मिलेगा। गौरतलब है कि कल रात नौ बजकर छप्पन मिनट से रात एक बजकर अट्ठाईस मिनट तक चंद्रग्रहण रहेगा।

*******************

जामताड़ा में अत्याधुनिक सुविधाओं युक्त जिला नियंत्रण कक्ष का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने किया। उन्होंने कहा कि इससे विधि व्यवस्था के बेहतर संचालन में मदद मिलेगी। इस मौके पर जिले के पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने कहा यहां साठ सीसीटीवी कैमरे और जीपीएस जैसी कई सुविधाएं उपलब्ध है।

*******************

रांची लोकसभा क्षेत्र सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित होने वाले विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के लिए रजिस्ट्रेशन जारी है। प्रतिभागी आगामी 20 सितंबर तक अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर होनेवाले इस महोत्सव के तहत इक्कीस तारीख को साइक्लोथॉन और 12 अक्टुबर को मैराथन का आयोजन होगा, जबकि फुटबॉल, ट्रेनिस बॉल क्रिकेट, एथलेटिक्स, वुशु, तीरंदाजी, लॉन बॉल, कबड्डी, रस्साकस्सी, लागोरी और फन गेम्स भी आयोजित किए जाएंगे।

*******************

झारखंड के अजीत नाग  का चयन अंडर–18 भारतीय रग्बी टीम के लिए हुआ है। वे चीन के होहोठ में  तेरह सितंबर से आयोजित होने वाले अंडर–18 एशिया रग्बी चैपियनशिप में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करेंगे। वे तीसरी बार भारतीय रग्बी टीम का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं।

*******समाप्त********